120 दिन का सामान्य आरक्षण खुलते ही शुरू हुई बुकिंग

गोमती एक्सप्रेस से भी कम होगा डबल डेकर का किराया

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ । शहरवासियों को लखनऊ से दिल्ली (आनंद विहार टर्मिनल) जाने के लिए एसी डबल डेकर ट्रेन का तोहफा नियमित रूप से एक मई से मिलेगा। एसी डबल डेकर ट्रेन का किराया गोमती एक्सप्रेस से भी सस्ता होगा। लखनऊ से आनंद विहार टर्मिनल का एसी चेयरकार का सामान्य किराया 640 रुपये होगा। जबकि इसका तत्काल के साथ किराया 805 रुपये होगा। रविवार को इस ट्रेन का आनंद विहार टर्मिनल से शुभारंभ किया जाएगा।

रेलवे बोर्ड ने शनिवार शाम एसी डबल डेकर की कम्प्यूटर में फीडिंग कर दी है। इस ट्रेन का 120 दिनों तक का सामान्य रेल आरक्षण भी खुल गया है। आरक्षण खुलते ही इसकी सीटों की बुकिंग तेजी से शुरू हो गयी। लखनऊ से आनंद विहार टर्मिनल को प्रत्येक शुक्रवार व रविवार को जाने के लिए एसी डबल डेकर का नंबर 12583 होगा जबकि आनंद विहार टर्मिनल से इसी दिन लखनऊ वापसी के लिए इसका नंबर 12584 हो जाएगा। रेलवे ने डबल डेकर ट्रेन की सीटों की फीडिंग भी कर दी है। सिस्टम में लखनऊ से आनंद विहार टर्मिनल के लिए 12583 अप डबल डेकर में 1322 सीटों का सामान्य आरक्षण की व्यवस्था है। इसके साथ ही तत्काल कोटे के आरक्षण के लिए 72 सीटें होंगी। हालांकि आनंद विहार टर्मिनल से लखनऊ आने वाली डबल डेकर 12584 में सामान्य आरक्षण की सीटों की संख्या 1212 ही है। जबकि 72 सीटों का आरक्षण तत्काल कोटे में किया जाएगा। लखनऊ से आनंद विहार का सफर तय करने में यह ट्रेन 8 घंटे का समय लेगी। वापसी में डबल डेकर 8:40 घंटा में यात्रियों को लेकर लखनऊ पहुंचेगी।

640 रुपये में पहुंचाएगी दिल्ली

कैब-वे से चलेगी ट्रेन

एसी डबल डेकर ट्रेन सुबह पांच बजे आनंद विहार टर्मिनल को कैब-वे से रवाना किया जाएगा। कैब-वे तक यात्री अपने वाहनों से पहुंच सकेंगे। वापसी में इस ट्रेन का प्लेटफार्म शनिवार देर रात तक पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन तय करने में लगा हुआ था। इस ट्रेन को कैब-वे पर लेने के लिए रेलवे को दो ट्रेनों के प्लेटफार्म में बदलाव करना होगा।

वापसी में इस तरह होगा ठहराव

आनंद विहार	--	2:10
गाजियाबाद	2:35	2:37
मुरादाबाद	5:05	5:10
बरेली	6:40	6:42
लखनऊ जंक्शन	10:50	--

ठहराव और किराया तय

स्टेशन	आगमन	प्रस्थान	सामान्य किराया
लखनऊ जंक्शन	--	5:00	--
बरेली	8:23	8:25	420
मुरादाबाद	9:55	10:05	505
गाजियाबाद	12:28	12:30	630
आनंद विहार	13:00	--	640

अन्य ट्रेनों से कम किराया

शताब्दी एक्सप्रेस का नई दिल्ली तक सामान्य किराया 960 और तत्काल के साथ किराया 1165 रुपये है। वहीं गोमती एक्सप्रेस का लखनऊ से नई दिल्ली का एसी चेयरकार का किराया भी 695 रुपये है। इस ट्रेन का तत्काल किराया भी डबल डेकर से अधिक है जो कि 880 रुपये है। हालांकि गरीब रथ एक्सप्रेस का किराया इससे कम है।

खाना साथ लेकर करें यात्रा

सुबह पांच बजे लखनऊ से छूटकर दोपहर एक बजे आनंद विहार पहुंचने वाली डबल डेकर ट्रेन के लिए यात्रियों को अभी अपने साथ खाना लेकर चलना होगा। ट्रेन में रसोई यान की सुविधा नहीं है। पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के सीनियर डीसीएम आशीष भाटिया ने बताया कि अभी रेलवे बोर्ड से ट्रेन में खानपान मुहैया कराने को लेकर कोई पॉलिसी नहीं मिली है। बरेली या फिर मुरादाबाद में यात्रियों को खानपान की व्यवस्था भविष्य में की जाएगी। वापसी में भी डबल डेकर दोपहर 2:05 बजे चलकर रात 10:50 बजे लखनऊ पहुंचेगी। इसलिए यात्रियों को खानपान की सुविधा जल्द ही देनी होगी।

एक ही काउंटर पर मिलेंगे मुंबई, कानपुर गोरखपुर के टिकट

लखनऊ (ब्यूरो)। रोजाना मुंबई, गोरखपुर और कानपुर जाने वाले यात्रियों को जनरल टिकट के लिए लंबी लाइन के बीच अब धक्कामुक्की से राहत मिलेगी। पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल प्रशासन ने लखनऊ जंक्शन पर इन तीनों शहरों के जनरल टिकट देने के लिए एक स्पेशल काउंटर की व्यवस्था शुरू कर दी है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आशीष भाटिया ने बताया कि प्रतिदिन लखनऊ जंक्शन से 14 हजार जनरल क्लास के टिकट बेचे जाते हैं। लखनऊ जंक्शन पर नई व्यवस्था शनिवार से लागू कर दी गई है। काउंटर पर बैठा कर्मचारी इन तीनों स्टेशनों के टिकट बनाकर रखेगा। यात्री हाथ में खुले पैसे रखकर काउंटर पर देगा तो केवल 10 सेकेंड में एक यात्री को टिकट मिल सकेगा।

लखनऊ जंक्शन पर स्पेशल काउंटर बना